an>

Title: Need to cover old age people and widows in Rampur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh under National Old Age Pension Scheme.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर, उत्तर प्रदेश में करीब 40 हजार वृद्ध हैं, जिन्हें दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो पाती है। इतनी ही संख्या में ऐसी महिलायें भी हैं, जो पति की अकाल मृत्यु होने के कारण नारकीय जीवन जी रही हैं। कमोवेश यही स्थिति करीब 15 हजार विकलांगों की है, जो अपना पेट पालने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली पेंशन उनके लिए ऊंट के मुंह में जीरा समान है। इसे पाने के लिए उन्हें लोहे के चने चबाने पड़ते हैं। इस जिले के अत्यन्त पिछड़े होने के कारण यहां का सामाजिक संतुलन बिगड़ गया है। रोजगार के साधन अत्यन्त सीमित हैं। स्वरोजगार इनके लिए एक सपना मात्र है। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि वह राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना या किसी अन्य केन्द्रीय योजना से उपरोक्त सभी वर्गों के असहाय लोगों, परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने की दिशा में राज्य सरकार से तत्संबंधी सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए कहें, ताकि समय पर उचित कदम उठाए जा सकें।